# 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि भारत सरकार ने 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित किया। इसका मकसद यह है कि विभाजन के दौरान मारे गए लाखों निर्दोषों को श्रद्धाजलि देना। आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाना कि घृणा और हिंसा का कोई भविष्य नहीं होता। लोगों को शांति, सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता की भावना से जोड़ना। यह सुनिश्चित करना कि इतिहास की ऐसी त्रासदी फिर कभी न दोहराई जाए। यह दिन केवल स्मरण नहीं, चेतावनी भी है।

भाजपा कोटा शहर द्वारा 14 अगस्त को भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन व तिरंगा रैली कोटा संभाग प्रभारी प्रमोद सामर के मुख्य आतिथ्य में जी.एम.ए. सभागार, जी.एम.ए. प्लाजा में विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के रूप मे मनाया गया। इस अवसर सभागार में प्रदर्शनी व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभागार में जिलाध्यक्ष जैन ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर उस समय की स्थिती को जाना। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, तिरंगा यात्रा रैली के कोटा संभाग प्रभारी प्रमोद सामर, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, हेमंत विजय, वरिष्ठ नेता गोविंद शर्मा, तिरंगा रैली विधानसभा संयोजक जगदीश जिंदल, रितेश चित्तौड़ा, राजेश शर्मा मंचस्थ रहें। इस अवसर पर राकेश जैन ने कहा कि भारत का विभाजन केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, यह 20वीं सदी की सबसे बड़ी मानव आपदा में से एक बन गया। इस दौरान: 1.5 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए। 10 से 15 लाख लोगों की हत्या कर दी गई। लाखों लोगों के घर, खेत, दुकानें लूट ली गई या जला दी गई। हजारों महिलाओं का अपहरण, बलात्कार और हत्या हुई। ट्रेनों में लाशों से भरे डिब्बे पहुंचने लगे-जो आज भी हमारी यादों में डर का रूप लिए हुए हैं। इतिहासकारों के अनुसार लगभग 75,000 से अधिक महिलाएं अपहरण और बलात्कार का शिकार हुई। उन्हें जबरन धर्म परिवर्तन, विवाह, और यौन शोषण के लिए मजबूर किया गया। बहुत सी महिलाए आत्महत्या के लिए मजबूर हुई।

# पूर्व आईपीएस आनंदवर्धन ने जीवन में सफलता और संतुलन का फॉर्मूला दिया

**कोटा,** (निसं)। जीवन में ठान लेने का मतलब है कि आधी जीत आप पहले ही हासिल कर चुके हैं। यह प्रेरक संदेश भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी आनंदवर्धन शुक्ला ने गुरुवार को मोशन एजुकेशन के दक्ष कैंपस में आयोजित मेंटल हेल्थ सेशन के दौरान विद्यार्थियों को दिया।

इस सत्र में उन्होंने न केवल छात्रों की पढ़ाई और करियर से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय भी साझा किए। मोशन एजुकेशन की ओर से आयोजित यह सत्र विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास का संगम साबित हुआ। आनंदवर्धन ने अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव और जीवन की वास्तविक घटनाओं को साझा करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मानसिक मजबूती, समय प्रबंधन और आत्म-अनुशासन सबसे बड़े हथियार हैं। इस दौरान कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम भी मौजूद थीं।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा कि ऐसे सेशन्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाना है। हम चाहते हैं कि हमारे छात्र सिर्फ अच्छे अंक ही न लाएं, बल्कि जीवन की हर चुनौती का सामना आत्मविश्वास से कर सकें।

इससे पहले आनंदवर्धन शुक्ला ने छात्रों से सीधा संवाद करते हुए उनकी दैनिक पढ़ाई में आने वाली अड़चनों को सुना और उनके समाधान बताए। उन्होंने कहा कि तैयारी के दौरान तनाव, डर और आत्मसंदेह आना स्वाभाविक है, लेकिन इन्हें सही सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण से दूर किया जा सकता हैं। उनका सुझाव था। हर दिन को छोटे-छोटे लक्ष्यों में बांटकर आगे बढ़ो। इससे बोझ कम होगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**विद्यार्थियों के सवालों के दिए जवाब:-** सत्र के अंत में प्रश्नोत्तर दौर में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासा खुलकर सामने रखीं। किसी ने परीक्षा के दबाव को कम करने के तरीके पूछे तो किसी ने असफलता के बाद दुबारा उठ खड़े होने के सुझाव मांगे।

आनंदवर्धन ने विस्तार से उत्तर देते हुए कहा कि असफलता हार नहीं, बल्कि सीखने का एक नया मौका है। जिस दिन आप हार मान लेते हैं, उसी दिन असफलता स्थायी हो जाती है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को पढ़ाई और सफलता का आधार बताते हुए कहा कि पर्याप्त नींद, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और ध्यान जैसी आदतें न केवल पढ़ाई की क्षमता बढ़ाती हैं, बल्कि लंबे समय तक एकाग्रता बनाए रखने में भी मदद करती हैं। उन्होंने छात्रों से मोबाईल और सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए कहा कि यह समय और ऊर्जा की सबसे बड़ी बर्बादी है।

**प्रेरक व्यक्तित्व:-** कार्यक्रम के प्रारंभ में नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा ने बताया कि आनंदवर्धन शुक्ला पुलिस महानिरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने राजस्थान में लगभग 37 वर्षों तक पुलिस के विभिन्न पदों पर कार्य किया। वे क्रोएशिया और कई अन्य देशों में मानवाधिकार प्रशिक्षक के रूप में संयुक्त राष्ट्र के साथ जुड़े रहे और बोस्निया में संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत के रूप में भी सेवाएं दीं। इसके अलावा, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के निदेशक के रूप में भी उन्होंने कार्य किया।


**NAME CHANGE**

My old name Munira Bai has been changed to Munira Firoz Bundiwala. I would now like to be known by the new name only., Wife of Shri Firoz Ali, Radha Vilas, Near Government Girls School, Patanpol, Tipta, Kota

**खोया पाया**

मेरे आवास संख्या 4 एफ 7 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा के मूल दस्तावेजो में निरस्तीकरण पत्र, नियमितीकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र और अनुज्ञा पत्र घर से दादाबाड़ी चौराहा पर जेरोक्स कराने जाते समय रास्ते में कही गिर गए है। जिस किसी भी सज्जन को उक्त दस्तावेज मिले तो निम्न दुरभाष संख्या 9414938912 पर सम्पर्क करें।

**विधिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विजीत जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन निवासी-गुलाबबाडी कोटा के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक तीन मंजिला मकान, वाके तेलीपाडा वार्ड भाटापाडा जिला कोटा राजस्थान में स्थित है यह कि उक्त मकान का क्रय मेरे पक्षकार ने जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 15.05.2017 को नरेन्द्र कुमार जैन से किया था, नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त मकान का क्रय जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 09.06.2014 को नबी बख्श से किया था, व नबी बख्श को उक्त मकान रजि. जर्ये हकत्याग दिनांक 17.10.1974 से प्राप्त हुआ था।

यह कि उक्त मकान को मेरे पक्षकार द्वारा कोटक महिन्द्रा बैंक लि. शाखा कोटा में रहन रखकर ऋण लिया जा रहा है यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर ऋण देने के संबंध में किसी आम व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032,
सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798


# तिरंगा यात्रा ने हर घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया

**कोटा,** (निसं)। आजादी के अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में हाथों में तिरंगा, होठों पर देशभक्ति के नारे और आंखों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, कुछ ऐसा ही नजारा गुरूवार को जिला प्रशासन और नगर निगम कोटा दक्षिण की ओर से आयोजित दुपहिया वाहन तिरंगा यात्रा में दिखाई दिया। यात्रा में उपस्थित समस्त दुपहिया वाहनों पर राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहा था। कुछ दुपहिया वाहनो पर हाथों में तिरंगा लिये बैठे लोग भारत माता व वन्दे मातरम का जयघोष कर रहे थे।

कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं जिला कलेक्टर पीयूष समारिया के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने अपने दुपहिया वाहनों से तिरंगा रैली निकाल कर 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को घर-घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया। नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 14.08.2025 गुरूवार को प्रातः 7:00 बजे नगर निगम कोटा दक्षिण द्वारा दुपहिया वाहन तिरंगा रैली का आयोजन दशहरा मैदान के गैट नं. 02 से प्रारम्भ होकर एलिवेटेड पुलिया होते हुए कैथूनीपोल चौराहे से अनन्तचर्तुदशी जुलूस मार्ग से होते हुए पुराना शहीद स्मारक रामपुरा कोटा में समापन किया गया।

कोटा जिले के प्रबुद्धजन, वरिष्ठजन, महिलाओं, युवाओं और बच्चों के साथ-साथ जिला प्रशासन, नगर निगम कोटा दक्षिण, नगर निगम कोटा उत्तर, कोटा विकास प्राधिकरण, पुलिस, चिकित्सा विभाग, खेल विभाग समेत विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी इस तिरंगा यात्रा में सहभागिता 'की। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते देशभक्ति से भरे नारे गूंजते रहे।

इस यात्रा का भाग बना प्रत्येक व्यक्ति दिल में गर्व की भावना महसूस कर रहा था। यात्रा जहां से भी गुजरी लोग उससे जुड़ते चले गए। यात्रा के समापन के बाद जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व भारतीयों के लिए गर्व और गौरव का अवसर होने साथ हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। खुशी की बात है कि नागरिक अब अपने आधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग हो रहे हैं।

तिरंगा यात्रा के लिए नगर निगम कोटा दक्षिण की ओर से विशेष सेल्फी पाइंट बनाया गया था जो सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने इस सेल्फी प्रोइंट पर सेल्फी खिंचवाई और उसे अपने सोशल मीडिया हेंडल्स के साथ हर घर तिरंगा वेबसाईट पर भी पोस्ट की। नगर निगम कोटा दक्षिण के सभी वार्डों के सफाई कर्मचारियों की ओर से तिरंगा वाहन रैलियों का आयोजन किया गया। सभी सफाई कर्मचारियों ने पहले अपने वार्ड क्षेत्र में रैली निकाल कर हर घर तिरंगा लगाने का संदेश दिया उसके बाद वे सभी अपने-अपने सेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां स्वच्छ सुजल शहर संकल्प भी लिया।

**एक दिवसीय 'स्वदेशी मेला' दशहरा मैदान मे आयोजित:-** नगर निगम कोटा दक्षिण की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रंखला में "हर घर तिरंगा', स्वच्छता अभियान और तिरंगा थीम पर रचनात्मक/कलात्मक गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 14 अगस्त 2025 को दशहरा मैदान में एक दिवसीय स्वदेशी मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

नगर निगम कोटा दक्षिण आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंयजन, तिरंगा थीम पर मोमोज, केक, इडली, शिरा, चावल, पास्ता, तिरंगा मिठाईयां, तिरंगा फ्रोक, साड़ी, दुपट्टा, टी-शर्ट, तिरंगा थीम ड्रोइंग, पेटिंग, शोपीस तिरंगा थीम, फेस पेटिंग, तिरंगा थीम में मिट्टी के गणेश जी की मूर्ति, तिरंगा थीम पर गीत, नृत्य, स्लोगन तथा स्वदेशी उत्पादों का मेला आयोजित किया गया।

## दो वारंटी पकड़े

**छबड़ा** (निसं)। सीआई राजेश खटाना ने बताया कि दो साल से फरार चल रहे आरोपी किशन साहू (50) निवासी छबडा व जगदीश परिहार (40) विजयपुर (एमपी) व पप्पू गुर्जर (50) सुंडा (एमपी) को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय नगर पालिका अन्ता जिला बारां (राज0)**

Kota Baran Road, Anta 325202 दूरभाष-07457-244404, फैक्स-244404 Email : antanagarpalika@gmail.com

कमांक : न.पा.अ./भू.शा./2025/1903-1905 दिनांक:- 12.08.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियो द्वारा नगर पालिका में कृषि भूमि नियमन आबादी भूमि/कॉलोनी एवं खसरा नम्बर में पत्रावली पेश कर रखी है। जिनको पट्टा दिया जाना है। इस सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपने दस्तावेजों के साथ आपत्ति पालिका में प्रस्तुत कर सकते है। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

कृषि भूमि

| क्र. स. | नाम भूखण्डधारी | योजना का नाम/खसरा न. क्षैत्रफल वर्गफिट | भूखण्ड किसे क्रय किया गया इकरारनामा/बेचाननामा विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शिमला जी मीणा पत्नि श्री जितेन्द्र कुमार मीणा, रजत एनक्लेव अंता | योजना - रजत एनक्लेव अंता ख.नं. - 1413 क्षेत्रफल - 1695 वर्गफुट | इकरारनामा के आधार पर |
| 2 | श्री सुनीता श्रीमती मीणा पत्नि श्री गोतम बुद्व मीणा, शिव कॉलोनी अंता | योजना - शिव कॉलोनी अंता ख.नं. - 2195/973 क्षेत्रफल - 1475 वर्गफुट | इकरारनामा के आधार पर |

राज.संवाद/सी/25/8175 अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 1320 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 14.8.25

आवास संख्या 3-म-33 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नारायण सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री नारायण सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह द्वारा दिनांक 24.12.2012 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री नारायण सिंह पुत्र श्री प्रताप सिंह की मृत्यु दिनांक 24.09.2024 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण दिनांक 28.04.2025 को श्रीमती न्याल कँवर पत्नी स्व. श्री नारायण सिंह, श्री महेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह एवं श्रीमती नन्द कँवर पुत्री स्व. श्री नारायण सिंह पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह के नाम संयुक्त रुप से किया गया। तत्पश्चात श्रीमती न्याल कँवर पत्नी स्व. श्री नारायण सिंह, श्री महेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह, श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री नारायण सिंह एवं श्रीमती नन्द कँवर पुत्री स्व. श्री नारायण सिंह पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 30.05.2025 को श्रीमती शोभा पत्नी श्री बलबीर सिंह को किया गया। श्रीमती शोभा पत्नी श्री बलबीर सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-म-33 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती शोभा पत्नी श्री बलबीर सिंह का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती शोभा पत्नी श्री बलबीर सिंह का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती शोभा पत्नी श्री बलबीर सिंह के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

रीको औद्योगिक क्षेत्रों में **होटल** भूखण्ड




ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोही | आबूरोड | ग्रोथ सेंटर -II | CP-1 (Corner) | 1750.50 | 7500.00 |
| 2 | धौलपुर | भरतपुर | ग्रोथ सेंटर (विस्तार) धौलपुर | CP-8 (Corner) | 7378.00 | 15000.00 |
| 3 | भीलवाडा | भीलवाडा | ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ स्वरूपगंज के पास | CP-25 | 2697.00 | 7000.00 |
| 4 | खैरथल-तिजारा | भिवाड़ी-I | भिवाडी | HT-61 | 4074.00 | 65000.00 |
| | | | कहरानी | HT-1(Corner) | 4402.30 | 50000.00 |

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | जयपुर (ग्रामीण) | कांट-कालवाड़ (विस्तार) | HP-21 | 24081.00 | 10000.00 |
| | | | | HP-16 | 13213.03 | 11000.00 |
| | | | | HP-17 | 12761.50 | 10500.00 |
| | | | | HP-4 | 14081.05 | 12000.00 |
| 2 | अजमेर | किशनगढ़ | किशनगढ़- III (मार्बल मंडी) | CP-1 | 1425.00 | 50000.00 |
| 3 | टोंक | सवाईमाधोपुर | आईआईडी सेंटर निवाई कॉमर्शियल ब्लॉक- 1 | Hotel-2 | 960.00 | 15000.00 |
| 4 | श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 13 एल.एन.पी. (पतीखिया) | Hotel (Corner) | 1405.77 | 15000.00 |
| | | | अनूपगढ़ फेज- II | Hotel | 3081.00 | 22500.00 |
| 5 | उदयपुर | उदयपुर | गुडली | SP-1 (Corner) | 4405.00 | 15400.00 |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/8204

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in


# संस्कृत विद्वान अग्निमित्र शास्त्री का अभिनंदन किया

**कोटा,** (निसं)। आर्य समाज कोटा के वैदिक विद्वान एवं संस्कृत शिक्षक आचार्य अग्निमित्र शास्त्री को संस्कृत शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित किए जाने पर आर्य समाज कोटा के सदस्यों ने स्वागत व अभिनंदन किया।

इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आर्य उप प्रतिनिधि सभा कोटा संभाग के मीडिया प्रभारी मुकेश चड्ढा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा संस्कृत दिवस अंतर्गत उदयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय विद्वत सम्मान समारोह में आर्यसमाज के वैदिक प्रवक्ता आचार्य अग्निमित्र शास्त्री को संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए संस्कृत युवप्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा के सदस्यों द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। सभा के महामंत्री एडवोकेट चंद्र मोहन कुशवाहा ने बताया कि उदयपुर से कोटा लौटने पर आर्य उपप्रतिनिधि सभा के सदस्यों ने सभा प्रधान अरविंद पांडेय के नेतृत्व धर्म शिक्षक आचार्य शोभाराम आर्य, कोषाध्यक्ष राधा वल्लभ राठौर, वरिष्ठ उपप्रधान लालचंद आर्य युवा संगठन मंत्री किशन आर्य हरियाणा शिष्टाचार भेंट की।


**विधिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विजीत जैन पुत्र श्री महावीर कुमार जैन निवासी-गुलाबबाडी कोटा के आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक तीन मंजिला मकान, वाके तेलीपाडा वार्ड भाटापाडा जिला कोटा राजस्थान में स्थित है यह कि उक्त मकान का क्रय मेरे पक्षकार ने जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 15.05.2017 को नरेन्द्र कुमार जैन से किया था, नरेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त मकान का क्रय जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 09.06.2014 को नबी बख्श से किया था, व नबी बख्श को उक्त मकान रजि. जर्ये हकत्याग दिनांक 17.10.1974 से प्राप्त हुआ था।

यह कि उक्त मकान को मेरे पक्षकार द्वारा कोटक महिन्द्रा बैंक लि. शाखा कोटा में रहन रखकर ऋण लिया जा रहा है यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन रखकर ऋण देने के संबंध में किसी आम व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अजय शर्मा एडवोकेट
पता-मकान नं. 1031, 1032,
सुभाष नगर द्वितीय, कोटा (राज.)
मो. 7073030526, 8239229798


## हर घर तिरंगा रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कोटा, द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिविल लाइन कोटा में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, जागरूकता और देशभक्ति की भावना को प्रबल करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य वक्ता शिव कुमार अग्रवाल, प्राचार्य, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिविल लाइन कोटा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को तिरंगे के महत्व, तिरंगा फहराने की सही विधि और हर घर तिरंगा अभियान, के उद्देश्य पर विस्तार से जानकारी दी। अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, विविधता और एकता का प्रतीक है। केसरिया रंग त्याग, बलिदान और साहस का प्रतीक है, सफेद रंग- शांति, सच्चाई और ईमानदारी को दर्शाता है, हरा रंग- समृद्धि, विकास और प्रकृति से जुड़ा है, अशोक चक्र' धर्म, न्याय और गति का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि राष्ट्र को निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिऐं।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी — अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | आबू रोड़ | 01 | चूरू |
| 30 | अजमेर | 14 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 05 | झुंझुनू |
| 07 | भिवाड़ी-I | 10 | भरतपुर |
| 28 | भिवाड़ी-II | 28 | किशनगढ़ |
| 14 | बोरानाडा | 21 | भीलवाड़ा |
| 02 | दौसा | 03 | नीमराना |
| 10 | घिलोठ | | |

ईएमडी — अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 37 | पाली | 06 | जयपुर (दक्षिण) |
| 35 | झालावाड़ | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 03 | जालोर | 67 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 22 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 30 | कोटा | 02 | श्रीगंगानगर |
| 01 | सीकर | 04 | सवाई माधोपुर |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/8184

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in









**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं !**

**नगर पालिका रामगंजमण्डी, जिला कोटा (राजस्थान)**

स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन और नगरवासियों को 15 अगस्त की मंगलकामनाएँ !

"स्वच्छ, सुंदर, विकसित और आत्मनिर्भर रामगंजमण्डी - हमारा सपना, हमारा संकल्प"

नगर पालिका रामगंजमण्डी की प्रमुख योजनाएँ व सेवाओं का लाभ ले एवं सहयोग करें।

1. प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) - सभी को पक्का मकान, सम्मान और सुरक्षा के साथ।
2. स्वच्छ भारत मिशन (SBM) - हर गली, हर मोहल्ला, स्वच्छ और सुंदर।
3. मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना - काम का अवसर, आत्मनिर्भरता की दिशा।
4. कचरा प्रबंधन योजना - घर-घर कचरा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण।
5. हरित रामगंजमण्डी अभियान - पौधारोपण व हरियाली से प्रदूषण पर रोक।
6. स्वास्थ्य एवं सफाई कार्यक्रम - मलेरिया, डेंगू और अन्य बीमारियों की रोकथाम।
7. पालिथीन का उपयोग नहीं करे।
8. जन्म मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन समय कर करावें।
9. शौच जाने हेतु शौचालय का उपयोग करें एवं शौचालयों को साफ सुथरा रखें।
10. नगर पालिका का बकाया शुल्क समय पर जमा करें।

इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए संकल्प लें

स्वच्छता अपनाएँ
हरियाली बढ़ाएँ
सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ
नगर को विकास की ऊँचाइयों पर पहुँचाएँ

अखलेश मेड़तवाल — अध्यक्ष
तरुण लहरी — अधिशाषी अधिकारी
एवं समस्त पार्षदगण

नगरपालिका रामगंजमण्डी, जिला कोटा (राजस्थान)